भारत सरकार
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

साझे अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी विकास केन्द्रों (सीआरटीडीएच) की स्थापना।

प्रस्तावों हेतु आमंत्रण

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) सूक्ष्म, लघु तथा मझौले उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी विकास गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए **साझे अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी विकास केन्द्रों (सीआरटीडीएच)** की स्थापना के उद्देश्य से एक कार्यक्रम संचालित करता है। सीआरटीडीएच को अनुसंधान तथा विकास उपकरणों एवं सहायक उपकरण की खरीद के लिए और प्रोटोटाइप विकास के लिए प्रायोगिक संयंत्र सुविधाओं की स्थापना हेतु अनुदान के रूप में आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ताकि एमएसएमई परीक्षण एवं विश्लेषण, नए/बेहतर उत्पादों तथा प्रक्रियाओं के लिए अनुसंधान तथा विकास और प्रौद्योगिकी विकास कर सकें।

ऐसी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, सरकारी सहायता प्राप्त निकायों अथवा संस्थानों, जिनके पास निम्नलिखित पांच क्षेत्रों में सीआरटीडीएच की स्थापना के लिए पृथक वैधानिक अधिकार (जीएफआर 2017 के नियम 228 के अनुसार) हों, से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं –

1. इलेक्ट्रॉनिक्स/नवीकरणीय ऊर्जा
2. सस्ता स्वास्थ्य
3. पर्यावरणीय हस्तक्षेप
4. कम लागत मशीनीकरण
5. नई सामग्री/रासायनिक प्रक्रिया

निर्धारित दिशा-निर्देश तथा आवेदन के प्रारूप डीएसआईआर की वेबसाईट www.dsir.gov.inपर उपलब्ध है।
निर्धारित प्रारूप में एमएस वर्ड/पीडीएफ फाइल में सभी अनुलग्नकों एवं परिशिष्टों के साथ प्रस्ताव की सॉफ्ट कापी निम्नलिखित को 31 जुलाई, 2020 तक भिजवाई जाए :

डॉ सुजाता चकलानोबिस
प्रमुख (सीआरटीडीएच)
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
टेक्नोलॉजी भवन, नया महरोली मार्ग
नई दिल्ली – 110016
ई-मेल: priya@nic.in

प्रस्ताव की प्रति ई-मेल से priya@nic.in,तथा vipin.shukla@gov.in को भी अग्रेषित की जाए।